>

Title: Need to provide a stoppage of Chhapra-Gorakhpur Intercity Express (train No. 5105/5106) at Dharaunda railway station in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान): महोदय, छपरा-गोरखपुर रेल खंड पर दरौंधा एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यहां के लोगों के आवागमन के लिए रेलगाड़ी एकमात्र साधन है। 5105/5106 छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस जब शुरू की गई थी तो उसका उद्देश्य इस रेल खंड के सभी महत्वपूर्ण खंड को छपरा और गोरखपुर से जोड़ना था क्योंकि बिहार और उत्तर प्रदेश के दोनों ओर महत्वपूर्ण शहर हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के केंद्र हैं लेकिन दरौंधा के लोग इस मूलभूत सुविधा से वंचित हैं क्योंकि इस रेलगाड़ी का ठहराव वहां पर नहीं है जबकि इस तरह के मैरवा और भाटपाररानी पर इस ट्रेन का ठहराव है। दरौंधा स्टेशन पर इस रेलगाड़ी का ठहराव न होने के कारण वहां के छात्रों, बीमार लोगों और व्यवसायियों एवं क्षेत्र की आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतः जनहित को ध्यान में रखते हुए इस लोकप्रिय ट्रेन का ठहराव दरौंधा रेलवे स्टेशन पर करवाने हेतु आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें।